**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

## <u>राज्यपाल ने राष्ट्रपति का स्वागत किया</u>
## <u>उपनिरीक्षक कुलदीप ने राष्ट्रपति को स्वागत कविता भेंट की</u>

लखनऊ: 14 सितम्बर 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज अमौसी हवाई अड्डे के अलावा राजभवन में राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद एवं उनकी पत्नी श्रीमती सविता कोविंद का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य एवं डाॅ0 दिनेश शर्मा भी उपस्थित थे।

राज्यपाल की पत्नी श्रीमती कुंदा नाईक ने राष्ट्रपति की पत्नी श्रीमती सविता कोविंद को प्रथम बार राजभवन आने पर गुलदस्ता एवं उपहार भी भेंट किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर राजभवन में तैनात उपनिरीक्षक श्री कुलदीप से राष्ट्रपति का परिचय कराया तथा उपनिरीक्षक कुलदीप ने राष्ट्रपति के स्वागत में रचित कविता उन्हें भेंट की।

इससे पूर्व राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री द्वय एवं मंत्रीगण ने राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद का लखनऊ हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया। हवाई अड्डे से राष्ट्रपति अम्बेडकर महासभा में डाॅ0 भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे जहाँ उन्होंने डाॅ0 अम्बेडकर की प्रतिमा एवं अस्थि कलश पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

राज्यपाल ने राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद के प्रथम लखनऊ आगमन पर राज्य सरकार द्वारा आयोजित अभिनन्दन कार्यक्रम में शिरकत की।

उल्लेखनीय है कि 25 जुलाई 2017 को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद श्री रामनाथ कोविंद का उत्तर प्रदेश का यह पहला दौरा है।

-----

अंजुम/ललित/राजभवन (347/19)












माननीय राष्ट्रपति जी
श्री रामनाथ कोविन्द महोदय
माननीय राष्ट्रपति जी
श्री रामनाथ कोविन्द महोदय
EXPRESS

# भारत गणराज्य के प्रथम नागरिक
# माननीय राष्ट्रपति जी
# श्री रामनाथ कोविन्द महोदय
## को सादर समर्पित कविता

भारत वर्ष के माननीय राष्ट्रपति जी
आपका स्वागत है श्रीमान
उत्तर प्रदेश की ये पावन भूमि
है आपका जन्म स्थान...

25 जुलाई 2017 को
वो अद्‌भुत क्षण आया था
देश के 14 वें राष्ट्रपति जी का
आपने गरिमामयी पद पाया था
आपकी ईमानदारी और सरलता
ने पाया ऊँचा स्थान.... 1

1 अक्टूबर 1945 को
जन्में आप बनकर वरदान
ग्राम-परौंख, जिला कानपुर
ने पाई अनुपम पहचान
आप पर है हम सब को गर्व
आप हैं सम्पूर्ण राष्ट्र की शान... 2

हे भारत के प्रथम नागरिक
सर्वोच्च शिखर पर रहकर आप
वंचित, दलित, असहाय, ग़रीब
सबको दिलवायें इंसाफ
हों सबके अधिकार सुरक्षित
आये चेहरों पर मुस्कान... 3

संविधान की रक्षा और
मर्यादा क़ायम रखनी है
भेदभाव के बिना लोकतंत्र की
महानता क़ायम रखनी है
हैं सेवाभाव से आप समर्पित
महक उठेगा हिन्दुस्तान.... 4

फलदायक और प्रेरणा दायक
हो आपका पूरा कार्यकाल
भारत बने सशक्त, समृद्ध
आम नागरिक रहें खुशहाल
युगों -युगों तक कीर्ति आपकी
चमके ध्रुवतारे के समान... 5

देश के लिये अथक परिश्रम
सेवा भाव जगाये रखिये
सर्वोच्च संवैधानिक पद पर भी
दया दृष्टि बनाये रखिये
संघर्षों से निखरे हैं आप
हैं आप परम विद्वान... 6

आज प्रफुल्लित हैं हम सब
ये दुर्लभ अवसर आया है
लखनऊ के राजभवन का
आपने मान बढ़ाया है
आप के आने से और भी
बढ़ा है हम सब का सम्मान... 7

भारत वर्ष के माननीय राष्ट्रपति जी
आपका स्वागत है श्रीमान
उत्तर प्रदेश की ये पावन भूमि
है आपका जन्म स्थान

**कुलदीप सिंह**

उप-निरीक्षक, उत्तर प्रदेश पुलिस
आर० आई० आफिस, राजभवन, लखनऊ
9415181436